प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/679 दिनांकः 02 फरवरी, 2024

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की द्वितीय चरण की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सन्दर्भ में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षायें गत् वर्ष/सेमेस्टर की भाँति ऑफ-लाइन मोड में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का निम्न तालिका में निर्धारित कार्यक्रम/तिथि के अनुसार परीक्षा फार्म भरने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु विश्वविद्यालय का ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर	परीक्षा फार्म भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि/कार्यक्रम
1	B.Tech , B.Pharm, MBA (All), MCA, M.Arch, M.Tech & M.Pharm & MURP	1st & 3rd	**दिनांक 02 फरवरी, 2024 से 17 फरवरी, 2024 (द्वितीय चरण की रेगुलर एवं कैरी ओवरी विषयों की परीक्षाओं हेतु)**
2	B.Arch, MBA (INT), MCA (INT.), M.Tech (INT), BHMCT, BFA, B.VOC. & BFAD (MCA-DD & MAM, Only Carry Over)	1st	

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स/नियमों के अन्तर्गत आने वाले छात्र/छात्राओं को उक्त कार्यक्रम/तिथि तथा मा0 कुलपति महोदय के पत्र संख्या अ.क.प्रा.वि./कुप.का./2023/13219 दिनांक 30 नवम्बर, 2023 में उल्लिखित व्यवस्था के अन्तर्गत बनाई गई ABCID के अनुसार ई0आर0पी पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें। **ज्ञात हो कि छात्र/छात्रा की ABCID न होने के कारण परीक्षा फार्म भरा जाना सम्भव नहीं होगा।**

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि ऐसे छात्र/छात्राओं जिनके द्वारा प्रथम चरण की परीक्षाओं के साथ ही तृतीय सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों का परीक्षा फार्म भरते हुए शुल्क जमा कर दिया गया था तथा प्रथम चरण की परीक्षाओं में सम्मिलित नही हो सके है को पुनः परीक्षा फार्म भरने के आवश्यक नहीं है।

भवदीय
02/02/2024
(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, अपर/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक